# सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा: 2023

शॉर्ट सर्विस कमीशंड (एसएससी) चिकित्सा अधिकारी के रूप में भर्ती हेतु

**ARMED FORCES MEDICAL SERVICES : 2023**

**JOIN AS SHORT SERVICE COMMISSIONED (SSC) MEDICAL OFFICER**

**(केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जायेंगे) / (ONLY ONLINE APPLICATIONS WILL BE ACCEPTED)**

**ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण (www.amcsscentry.gov.in) 12 अगस्त 2023 से आरंभ होगा तथा 10 सितम्बर 2023 को बंद होगा**

**REGISTRATION FOR ONLINE APPLICATION (www.amcsscentry.gov.in) WILL BE OPENED ON 12 AUG 2023 AND WILL BE CLOSED ON 10 SEP 2023**

1. सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में शॉर्ट सर्विस कमीशन चिकित्सा अधिकारी का पद प्रदान किए जाने के लिए ऐसे भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष दोनों) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिन्होंने अपनी फाइनल एमबीबीएस परीक्षा (भाग I और II) केवल पहले अथवा दूसरे प्रयास में उत्तीर्ण की हो तथा 31 अगस्त 2023 या उससे पहले अपनी इंटर्नशिप पूरी कर ली हो तथा स्नातकोत्तर डिग्री की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की हो (अंतिम दो वर्षों में कभी भी). स्नातकोत्तर डिग्री धारकों को स्नातकोत्तर डिग्री की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में पुनः सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है. उनके द्वारा प्राप्त किये गए पूर्व राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के अंकों को शामिल किया जाएगा. जिन आवेदकों ने फाइनल एमबीबीएस परीक्षा (भाग I और II) दो से अधिक प्रयास में उत्तीर्ण की है, वे इस पद के लिए आवेदन न करें.
2. **रिक्तियां :** 650 (585 पुरुष + 65 महिला). इनमें 31 जुलाई 2024 तक उत्पन्न होने वाली रिक्तियां सम्मिलित हैं जो की परिवर्तित हो सकती हैं. चयनित/प्रतीक्षा सूची 31 अगस्त 2024 अथवा रिक्तियां समाप्त होने तक (जो भी पहले हो) मान्य होगी.
3. **योग्यता :** आवेदक के पास राष्ट्रीय चिकित्सा कमीशन अधिनियम 2019 में निहित चिकित्सा योग्यता होनी चाहिए. आवेदक का किसी राज्य चिकित्सा परिषद्/एमसीआई/एनएमसी में स्थायी पंजीकरण होना चाहिए. राज्य चिकित्सा परिषद्/एमसीआई/एनबीई/एनएमसी से स्नातकोत्तर डिग्री धारक भी आवेदन कर सकते हैं.
4. **आयु सीमा :** अभ्यर्थी की आयु 31 दिसंबर 2023 को एमबीबीएस के लिए 30 वर्ष से कम (अर्थात् जिनका जन्म 02 जनवरी 1994 को या उसके पश्चात हुआ हो वही योग्य होंगे) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक के लिए 35 वर्ष से कम (अर्थात् जिनका जन्म 02 जनवरी 1989 को या उसके पश्चात हुआ हो वही योग्य होंगे) होनी चाहिए.
5. **साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का चयन:** सभी रूप से पूर्ण आवेदन स्नातकोत्तर डिग्री की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर जांची जाएंगी. अभ्यर्थियों द्वारा स्नातकोत्तर डिग्री की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको को 200 अंको के समानुपाती प्रवर्तित करा जाएगा तथा पुरुष और महिला अभ्यर्थियों की पृथक सूची बनाई जाएगी. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को इस सूची (पुरुष और महिला अभ्यर्थियों के लिए पृथक) के क्रमानुसार, स्वीकृत/ उपलब्ध रिक्तियों के 08 गुना आमंत्रित किया जाएगा.
6. **साक्षात्कार का स्थान :** दिल्ली
7. **शुल्क :** रुपये 200/- (दो सौ रुपये) ऑनलाइन केवल.
8. **साक्षात्कार के लिए बुलावा-पत्र (कॉल लेटर) :** ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत किए जाने के पश्चात ही साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर **'ऑनलाइन'** उपलब्ध होंगे.
9. **विस्तृत जानकारी:** वेबसाइट **www.amcsscentry.gov.in** पर 12 अगस्त 2023 से उपलब्ध होगी.
10. **महत्वपूर्ण अनुदेश:**
- ❖ पंजीकरण संख्या एवं ऑनलाइन भुगतान ट्रांजेक्सन संख्या भावी पूछताछ/पत्राचार में उल्लेख करने के लिए सुरक्षित (save) कर लें.
- ❖ अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथियों तथा अन्य संगत विवरणों से संबन्धित अपडेट के लिए उक्त वेबसाइट एवं अपनी पंजीकृत ई-मेल की नियमित रूप से जांच करनी चाहिए.
- ❖ कृपया साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए वेबसाइट में वर्णित सभी मूल दस्तावेज़ एवं उनकी दो सत्यापित प्रतियां साथ अवश्य लेकर आयें.
- ❖ प्रस्तुत किए गए विवरण एवं ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में किसी प्रकार का कोई अंतर पाये जाने पर आवेदक की अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा.

1. Applications are invited for the post of Short Service Commission Medical Officer in Armed Forces Medical Services from Indian citizens both male and female, who have passed their final MBBS (Part-I & II) examination in not more than two attempts and **are completing/ have completed their internship on or before 31 Aug 2023 and have qualified for NEET PG Entrance Examination (anytime during last two years). Civilian doctors having Post Graduate degree will not be required to appear in the NEET PG Examination again. Marks obtained by them in their NEET PG Examination earlier will be taken into consideration. Applicants who have taken more than two chances in final MBBS (Part I & II) Examination are ineligible and hence should not apply for the same.**

2. **VACANCY: 650 (585** for male + **65** for female). It includes vacancies that are likely to occur till 31st July 2024 and is subject to change. The selected/ waiting list would be valid till 31st Aug 2024 or exhaustion of vacancy(whichever is earlier).

3. **QUALIFICATION:** The applicant must possess medical qualification included in the National Medical Commission Act 2019. The applicant must have permanent registration from any State Medical Council/MCI/NMC. Post Graduate Degree holders recognized by State Medical Council/MCI/NBE/NMC may also apply.

4. **AGE LIMIT:** Candidate must not have attained the age of 30 years if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1994 are eligible) and 35 years if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1989 are eligible) as on 31 Dec 2023 respectively.

5. **SHORTLISTING OF CANDIDATES FOR INTERVIEW.** Applications completed in all respects will be further scrutinized/ filtered on the basis of NEET PG Entrance Examination marks. Marks obtained by the candidates in NEET PG Entrance Examination will be proportionately converted to the tune of 200 marks and separate list for male & female candidates will be prepared. Candidates will be called up for interview in the order of list (separate lists for male and female candidates) based upon NEET PG Examination marks upto 08 times of the number of vacancies sanctioned/ available to appear for viva-voce/ interview.

6. **PLACE OF INTERVIEW : DELHI**

7. **FEE :** Rs. 200/- (Rupees Two Hundred only) payable online only.

8. **CALL LETTER FOR INTERVIEW :** Call letters for interview shall be made available online only after the successful submission of online application.

9. **DETAILED NOTIFICATION :** Available on the website **www.amcsscentry.gov.in** from 12 Aug 2023 onwards.

10. **IMPORTANT INSTRUCTIONS:-**
- ❖ **THE REGISTRATION NUMBER AND ONLINE PAYMENT TRANSACTION NUMBER ARE REQUIRED TO BE SAVED FOR QUOTING IN FUTURE ENQUIRIES / CORRESPONDENCE.**
- ❖ **CANDIDATES SHOULD CHECK THE WEBSITE AND THEIR REGISTERED EMAIL REGULARLY FOR UPDATES REGARDING INTERVIEW DATES AND OTHER RELEVANT DETAILS.**
- ❖ **PLEASE CARRY THE ORIGINAL AND TWO ATTESTED PHOTOCOPIES OF ALL THE DOCUMENTS AS MENTIONED IN THE WEBSITE AT THE TIME OF INTERVIEW FOR VERIFICATION.**

**ANY VARIATION IN THE DETAILS PROVIDED AND DOCUMENTS SUBMITTED ONLINE WILL LEAD TO REJECTION OF THE CANDIDATURE.**

**CBC 10601/11/0019/2324** **EN 20/110**